कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय,भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते
Goverment Of India

क्षेत्रीय कार्यालय, पंचदीप भवन,
नन्दानगर, इंदौर -452011
Regional Office, Panchdeep Bhavan,
Nanda Nagar, Indore-452011(M.P.)
फोन/ Phone / : 0731-2550485,
E-mail :- rd-mp@esic.nic.in/
Website :- www.esic.nic.in
(ISO 9001-2015 Certified)

संख्या: 18.ए/49/31-1/2018-राजभाषा दिनांक .04. 2026

प रि प त्र

विषय: राजभाषा कार्यान्वयन सुझाव पुरस्कार योजना वर्ष 2026-2027

मुख्यालय के पत्र क्रमांक ए-49/16/3/2007-रा.भा. दिनांक: 17-04-2026 के अनुपालन में यह सूचित किया जाता है कि निगम कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन सुझाव पुरस्कार योजना लागू है। इस योजना के अंतर्गत हर वर्ष (01 अप्रैल से अगले वर्ष 31 मार्च तक) प्राप्त ऐसे सुझावों पर नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देने की व्यवस्था है, जिन्हें निगम के कामकाज में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से उपयोगी पाया गया हो।

अतः इस सुझाव पुरस्कार योजना की विस्तृत जानकारी पुनः इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि कृपया इस योजना का व्यापक प्रचार करें-

1. इस योजना में निगम के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी (चिकित्सा और गैर-चिकित्सा) भाग ले सकते हैं। तथापि निगम कार्यालयों में तैनात हिन्दी कार्मिक इस पुरस्कार योजना में भाग नहीं ले सकेंगे।
2. एक सुझाव पर पुरस्कार राशि अधिकतम ₹ 3000 और न्यूनतम ₹ 600 होगी तथा प्रत्येक वर्ष कुल मिलाकर ₹12,000 तक की राशि के पुरस्कार स्वीकृत किए जाएंगे।
3. सुझाव देने वाले, अपने सुझाव संबंधित अधिकारियों के माध्यम से अथवा सीधे ही मुख्यालय की राजभाषा शाखा को भेजेंगे।
4. प्रत्येक वित्त वर्ष के दौरान प्राप्त सुझावों पर मुख्यालय में गठित मूल्यांकन समिति विचार करेगी तथा उसकी सिफारिशों पर पुरस्कारों का निर्धारण किया जाएगा।
5. उपयोगी पुरस्कृत सुझावों का पुरस्कार पाने वाले कर्मचारी के नाम का उल्लेख करते हुए उचित प्रचार भी किया जाएगा।

क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर की ओर से राजभाषा कार्यान्वयन सुझाव पुरस्कार योजना के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाती हैं। अत: सुझाव भेजने के इच्छुक कार्मिक 20 मई 2026 से पूर्व अपने सुझाव राजभाषा को सूचित करते हुए मुख्यालय प्रेषित करें।

Digitally signed by
Sunil Kumar
Date: 04-05-2026
11:51:16

(सुनील कुमार)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
कृते क्षेत्रीय निदेशक

प्रतिलिपि -

1. मुख्यालय(राजभाषा शाखा), क.रा.बी. निगम, मुख्यालय, पंचदीप भवन , सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली को उनके संदर्भगत पत्र में।
2. समस्त शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय क.रा.बी.निगम, इंदौर।
3. राज्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय क.रा.बी.निगम, इंदौर।
4. चिकित्सा सतर्कता अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय क.रा.बी.निगम, इंदौर।
5. चिकित्सा निदेशी, क्षेत्रीय कार्यालय क.रा.बी.निगम, इंदौर।
6. कार्यालय अधीक्षक,........................... शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय क.रा.बी.निगम, इंदौर।
7. शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय, क.रा.बी.निगम ....।
8. परिपत्र क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु को आईटी सेल को प्रेषित।
9. गार्ड फ़ाइल